# हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
## Central University of Himachal Pradesh
धौलाधार परिसर-1, , धर्मशाला, जिला-कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश – 176215
DHAULADHAR CAMPUS-1, DHARAMSHALA, DISTRICT KANGRA, HIMACHAL PRADESH –176215
Phone No. 01892-229574; Fax No. 01892-229331; E-mail: registrar.cuhp@gmail.com

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**प्रेस नोट**

**दिनांक-06.10.2022**

# जीवन में लक्ष्य करें निर्धारित, मंजिल मिलना कठिन नहीं होता

## केंद्रीय विवि में डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ, सांसद इंदु गोस्वामी रहीं मौजूद

## विवि के कुलपति ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता, एडीसी कांगड़ा ने अनुभव किए साझा

**धर्मशाला:** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय व डा. अंबेडकर फाउंडेशन के सहयोग से डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका विधिवत शुभारंभ धौलाधार परिसर-एक के सेमिनार हाल में हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती इंदु गोस्वामी जी ने शिरकत की और कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि एडीसी कांगड़ा गंधर्वा राठौड़ रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी ने की। इस मौके पर केंद्र के निदेशक /अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार और कुलसचिव प्रो. विशाल सूद मौजूद रहे।
कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस मौके पर स्नातकोत्तर तृतीय सत्र के छात्र प्रवीण कुमार, पुष्पराज और कुशगौतम ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया। केंद्र के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वहीं विवि के कुलपति का स्वागत प्रो. प्रदीप नायर ने और विशिष्ट अतिथि का स्वागत कुलसचिव प्रो. विशाल सूद ने किया। इसके बाद केंद्र के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने सभी का स्वागत करते हुए इस केंद्र की स्थापना की जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एडीसी कांगड़ा गंधर्वा राठौड़ (आईएएस) ने बच्चों को सिविल परीक्षाओं की तैयारी को लेकर टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को पाने की जब ठान ली जाए तो प्रयास सफल ही रहते हैं। हालांकि इसके लिए आपको अपने मन को केंद्रीत करना होगा। बाधाएं तो हर क्षेत्र में आती ही हैं लेकिन अपने आप को परीक्षा के लिए तैयार करना पड़ता है। इस मौके पर उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए।
वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल जी ने केंद्र के विद्यार्थियों को मन लगाकर परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने हर्ष जताया कि केंद्र में छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या ज्यादा है। यह अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए बेहतरीन मौका है और वह इस मौके का लाभ उठाएं। केंद्र के प्राध्यापकों का दायित्व केवल पढ़ाने तक ही नहीं है बलिक वह यह प्रयास करें कि विद्यार्थियों के लिए हर समय उपलब्ध रहें। विद्यार्थी अपना लक्ष्य तय करें और हमेशा सकारात्मक रहें। दवाब में न रहें, दवाब में रहने से अपना ही नुकसान होता है।

वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती इंदु गोस्वामी जी केंद्र का शुभारंभ करते हुए विवि को इसके लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दूरदर्शीता का परिणाम है कि विद्यार्थियों के लिए इस तरह की योजनाएं चलाई गईं हैं। इस तरह के प्रयासों से जो बच्चे धन के अभाव में सिविल परीक्षाओं की तैयारी से वंचित रह जाते हैं उन्हें प्रोत्साहन मिलता है। पूरे भारत में 31 इस तरह के केंद्र खोले गए हैं और हिमाचल के लिए गौरव की बात है कि केंद्रीय विवि को भी एक सेंटर मिला है। इसके लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री का भी आभार है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अगर लक्ष्य को हासिल करने की ठान ली जाए तो मंजिल मिल जाती है। उन्होंने विवि प्रबंधन से कहा कि अगर पुस्तकालय के लिए कोई वित्तीय सहायता चाहिए होगी तो सांसद निधि से की जा सकती है। इस मौके पर शिक्षा स्कूल के न्यूजलेटर का भी मुख्य अतिथि ने विमोचन किया। वहीं मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती इंदु गोस्वामी जी ने विवि के कुलपति जी को प्रधानमंत्री जी की Modi@20: Dreams Meet Delivery पुस्तक भेंट की और विवि के पुस्तकालय में इस पुस्तक को उपलब्ध करवाने के लिए 30 हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव प्रो. विशाल सूद ने दिया। इस मौके पर केंद्र के विद्यार्थी और संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## Dr. Ambedkar Center of Excellence inaugurated in Central University, MP Indu Goswami was present

**Dharamshala:** Dr. Ambedkar Center of Excellence has been established in Central University of Himachal Pradesh in collaboration with the Ministry of Social Justice and Empowerment and Dr. Ambedkar Foundation, which was duly inaugurated in the Seminar Hall of Dhauladhar Campus-I. Hon'ble Rajya Sabha MP Ms. Indu Goswami ji attended the program as the chief guest and the special guest of the program was ADC Kangra Ms. Gandharva Rathore. The program was presided over by the Vice Chancellor of the University, Prof. Sat Prakash Bansal. On this occasion the Director of the Center / Dean Academics Prof. Pardeep Kumar and Registrar Prof. Vishal Sood were present.

The program started with the lighting of the lamp. On this occasion, Praveen Kumar, Pushparaj and Kush Gautam, the students of postgraduate third semester, recited Vedic chants. Center Director Prof. Pardeep Kumar welcomed the chief guest. On the other hand, the Vice Chancellor of the University was welcomed by Prof. Pradeep Nair and the special guest was welcomed by the Registrar, Prof. Vishal Sood. After this, the director of the center, Prof Pradeep Kumar, while welcoming everyone, informed about the establishment of this center. Special guest in the program ADC Kangra Gandharva Rathre (IAS) gave tips to the students regarding the preparation of civil examinations. She said that when the determination is made to achieve the goal, then the efforts become successful. However, for this you have to focus your mind. Obstacles come in every field but you have to prepare yourself for the exam. She also shared her experiences on this occasion.

While presiding over the program, the Vice Chancellor of the University, Prof. Sat Prakash Bansal ji encouraged the students of the center to prepare for the examinations diligently. He expressed happiness that the girl students outnumbered boys in the centre. This is a great opportunity for the Scheduled Caste students and they should

take advantage of this opportunity. The responsibility of the teachers of the center is not only to teach, but they should try to be available to the students at all times. Students should set their own goals and always be positive. Don't be under pressure, being under pressure does your own harm. On this occasion, Chief Guest Hon'ble Rajya Sabha MP Ms. Indu Goswami ji, while inaugurating the center, congratulated the university for this. She said that it is the result of the vision of the Prime Minister that such schemes have been run for the students. Such efforts give encouragement to the students who are deprived of preparing for civil examinations due to lack of funds. 31 such centers have been opened all over India and it is a matter of pride for Himachal that Central University has also got one. We are also grateful to the Minister of Social Justice and Empowerment for this. She encouraged the students and said that if the determination is made to achieve the goal, then the destination is achieved. She told the university management that if any financial assistance is needed for the library, it can be done from the MP fund. On this occasion, the Chief Guest also released the newsletter of Education School. On the other hand, the Chief Guest Rajya Sabha MP Ms. Indu Goswami presented the Prime Minister's book Modi @ 20: Dreams Meet Delivery to the Vice Chancellor of the University and announced to give 30 thousand rupees to make this book available in the library of the University. The vote of thanks in the program was given by Registrar Prof. Vishal Sood. The students and faculty members of the center were present on the occasion.

पूजा चतुर्वेदी

जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय,धर्मशाला